# मेरा अतिक्रमण टूटा, दूसरों पर बरस रही मेहरबानी

## नपा अध्यक्ष का रवैया पक्षपातपूर्ण

शहडोल।

जयसिंहनगर में अतिक्रमण हटाने के मामले में विवाद उग्र होता नजर आ रहा है। यह मामला तब उठा जब शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 646/1 अंश रकबा 0.430 हेक्टयर से एक अतिक्रमण हटाने नगरपरिषद ने प्रशासन पर दबाव बनाया। इस पर रामदीन गुप्ता का अतिक्रमण तो टूटा लेकिन उस भूमि के अन्य अतिक्रमण छोड़ दिए गए। इससे विचलित होकर रामदीन ने अन्य अतिक्रमणों को भी हटाए जाने की मांग की है। इस भूमि पर अतिक्रमणकारियों की लम्बी सूची है और जगह खाली नहीं है। रामदीन ने आरोप लगाया कि प्रशासन अन्य लोगों को छूट देकर पक्षपातपूर्ण बर्ताव कर रहा है।



### इनके अतिक्रमण भी हटाओ

रामदीन ने कहा कि जिस जमीन से उसका अतिक्रमण तोड़ा गया वहां देवदत्त गुप्ता, सुनैना देवी गुप्ता, राज कुमार पयासी, कुंज बिहारी गुप्ता आदि सहित कई लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। लेकिन जब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई तो केवल उसे ही निशाना बनाया गया। जबकि अन्य लोगों को राहत प्रदान कर दी गई। यह प्रशासन की सरासर अन्यायपूर्ण कार्रवाई थी। अगर उसका अतिक्रमण टूटा है तो शेष लोगों के भी अतिक्र मण तोड़े जाएं। रामदीन ने अपनी शिकायत में सभी अतिक्रमणकारियों का ब्यौरा दिया है।

### नगरपरिषद ने भी साधी चुप्पी

अतिक्रमण हटाने के लिए नगरपरिषद की ओर से भी नोटिस जारी की जानी थी, लेकिन नगरपरिषद ने अभी तक कितने अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया है और उसने आगे क्या रणनीति बनाई है इसके लिए कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। नगरपरिषद का भी एक ही निशाना था, उस पर भी ढंग से कार्रवाई नहीं हुई, बताते हैं कि उसकी भूमि पट्टे की निकल आई थी। इसके बाद प्रशासन की कार्रवाई के साथ नगरपरिषद ने भी चुप्पी साध ली। इस मामले में सबसे अधिक पीड़ित रामदीन गुप्ता ही दिखाई पड़ता है।

### अतिक्रमण का गंभीर मामला

यहां सवाल केवल रामदीन का नहीं बल्कि शासकीय भूमि पर दर्जनों अतिक्रमण का है। शासकीय आराजी को लोग पट्टे की आराजी की भांति व्यावसायिक लाभ ले रहे हैं और यह नाजायज कब्जा अपराध की श्रेणी में आता है। इस पर प्रशासन को न्यायसंगत दृष्टिकोण अपनाते हुए शासन के पक्ष में सघनता से कार्रवाई करनी चाहिए। अन्यथा इस तरह से तो कोई भी शासकीय आराजी कहीं बचेगी ही नहीं। लोग वहां मकान दूकान बनाने से बाज नहीं आएंगे। नगरपरिषद भी कम दोषी नहीं है। जिस भूमि को कलेक्टर शहडोल ने वर्ष 2018 में जनहित के लिए नगरपरिषद को आवंटित किया उस भूमि की सुध लेने की जरूरत नगरपरिषद ने 6 वर्षों तक नहीं समझा। तब तक जमीन पर चारो तरफ लोगों ने कब्जा कर लिया।



## एक पेड़ मां के नाम लगाएं धरा को हरा-भरा बनाएं: विधायक

ब्यौहारी।

विधायक शरद कोल ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए पौध-रोपण ज़रूरी है तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान में एक पौधे का रोपण जरूर करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से जन आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब हम एक पेड़ माँ के नाम से रोपेगें तो हमारा विशेष रूप से भावनात्मक जुड़ाव होने से उस पौधे की देखभाल, सिंचाई एवं सुरक्षा के प्रति सतर्कता रखेंगें। उक्त विचार विधायक शरद कोल ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत मसीरा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा कि यह अभियान मानव जीवन को बचाने का वृहद अभियान है। यह एक अच्छा कार्य है। इस अभियान को निरन्तर आगे बढ़ाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृगांर है। यह हमारे जीवन का सबसे बड़ा आधार है। वृक्ष से ही जीवन की निर्भरता है। वृक्ष हमें जीवन बचाने के लिए सब कुछ देता है। हमारा फर्ज बनता है कि अधिक से अधिक पौधे लगाये और उनकी सुरक्षा का संकल्प लें।

## आओ मिलकर पौधे लगाएं इस धरती को हरा-भरा बनाएं

### उत्साह व उमंग के साथ विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

शहडोल।

आओ मिलकर पौधे लगाएं इस धरती को हरा-भरा बनाएं जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रगति पर है। इसी कड़ी में कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में धरा को समृद्ध बनाने के लिए जिले के नागरिक एवं विद्यार्थी उत्साह एवं उमंग के साथ पौंधो का रोपण कर रहे है। आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत धरती को हरा भरा बनाने के लिए संभागीय मुख्यालय शहडोल शासकीय आईटीआई परिसर में प्राचार्य एस.के.वर्मा, शार्ट-हैंड ट्रेनिंग आफिसर श्रीमती राजकुमारी मर्सकोले व अन्य शिक्षक, विद्यार्थी, जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत मजीरा, नौगई में पौधरोपण किया तथा पौधों की सुरक्षा के लिए टी-गार्ड लगाकर जीवित रखने का संकल्प लिया। इसी प्रकार जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाकर पौधों का रोपण किया जा रहा है। गौरतलब है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 15 जुलाई तक साढे 5 करोड़ पौधो का रोपण किया जाएगा, जिसमें जिले में लगभग 23 लाख 49 हजार पौधे रोपित किये जाएगें। ग्राम पंचायत मसीरा में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम के दौरान विधायक शरद कोल, कलेक्टर तरूण भटनागर, जिला पंचायद सदस्य श्रीमती पुष्पानंदू शर्मा ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए पौधरोपण कर सेल्फी ली तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के दौरान सरपंच, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र सिंह धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक मरावी, तहसीलदार, छात्र-छात्राओं व अन्य लोगों ने लगभग एक हजार पौधों का रोपण किया।



इसी प्रकार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत रसपुर में विधायक शरद कोल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह, सरपंच शंभू कोल, सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, अनुविभागीय अधिकारी फॉरेस्ट रेशम सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामावतार अगारिया, तहसीलदार रोहित परिहार सहित काफी संख्या लोगों ने भी पौधरोपण किया तथा पौधों की सुरक्षा के लिए टी-गार्ड लगाकर जीवित रखने का संकल्प लिया।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत मसीरा में लगभग 25 हेक्टेयर में 40 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा तथा जिले में 15 अगस्त तक शहडोल जिले में लगभग 23 लाख 49 हजार पौधे रोपित किये जाएगें।

## परिवार नियोजन दंपति की शान: सीएमएचओ

### जन जागरूकता रैली व कार्यशाला का हुआ आयोजन

शहडोल।

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए. के. लाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना किया। जन जागरूकता रैली के दौरान विकसित भारत की पहचान परिवार नियोजन हर दंपति की शान, सीमित परिवार सुख का आधार जैसे अन्य नारे लगाए गए। साथ ही 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आईपीपी-6 सभागार में कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि परिवार नियोजन हर दंपति की शान है यह बात सभी को समझाएं जिससे परिवार नियोजन, विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. जीएस परिहार ने कहा कि परिवार नियोजन के लिए मातृ एवं शिशु सुरक्षा के साथ-साथ सभी कार्यकर्ता यह प्रयास करें कि गर्भवती माताओं एवं बच्चो का अनुसरण भी समय-समय पर किया जाए। जिससे लोगों में आपके प्रति विश्वास जागृत हो सकें और लोग आपकी बात मानकर जनसंख्या नियोजन के साधन अपनाकर अपना परिवार सिमित व सुखी कर सके। इस अवसर पर डी.एच.ओ. डॉ. शुक्ला ने कहा कि सेवा भाव के साथ परिवार नियोजन कर संकल्प पूरा होगी इसके लिए सब मिलकर प्रयास करें। कार्यक्रम में डी. पी.एम. मनोज द्विवेदी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी आशा कार्यकर्ता एवं ए.एन.एम. व मलेरिया, क्षय विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित थे।




## पुलिस लाईन सहित थानों में एक पौधा मां के नाम किया समर्पित

**शहडोल।** जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी.सागर के नेतृत्व में एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान के तहत पुलिस लाईन शहडोल में पुलिस द्वारा पौधें रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश दिया। कार्यक्रम में संभागायुक्त बी.एस.जामोद, उप पुलिस महानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर शहडोल तरूण भटनागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश पधारे। एडीजी द्वारा सभी अधि./कर्म. एवं उनके परिवारजनों को वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी। अंकुर वायुदूत एप के माध्यम से वृक्षारोपण के फोटो अपलोड कर मध्य प्रदेश शासन के अभियान में सहभागिता भी की गई। एडीजी द्वारा पुलिस अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राओं एवं पुलिस परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि, हम सभी मिलकर अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें। जिस तरह से मां अपने बच्चों की परवरिश करती है उसी तरह से हमारा दायित्व है ।

## भू-माफिया के सामने बौना हुआ प्रशासन

### आयुक्त के आदेश की उड़ाई धज्जियां, स्थगन के बावजूद हो रहा निर्माण

मानपुर।

भू-माफियाओं के सामने कमिश्नर कार्यालय के आदेश भी औंधे गिर रहे हैं, कमलेश गुप्ता पिता मोहितलाल गुप्ता निवासी मानपुर ने कमिश्नर कार्यालय में 27 जून को ग्राम मानपुर की आरजी खसरा नंबर 714 /1रकवा 17,4 एकड़ भूमि में रजिस्ट्री, नामांतरण एवं निर्माण कार्य के संबंध में स्थगन संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था , जिसमें विचार करते हुए न्यायालय ने आगामी सुनवाई तक उक्त आराजी 714/1 का क्रय-विक्रय एवं निर्माण कार्य न करने का आदेश जारी किया था, जिसका पालन स्थानीय प्रशासन द्वारा भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश से नही कराया जा रहा है। उक्त आराजी 714/1 रकवा 17.4 एकड़ जंगल मद की भूमि है, जिसे कूट रचित रचना करते हुए फर्जी तरीके से मानपुर निवासी स्वर्गीय चंद्र मोहन भट्ट रमाशंकर श्रीवास्तव वराम लखन भट्ट के नाम पर जंगल मद की भूमि का व्यवस्थापन कर दिया गया था, जिसे पूर्व के कलेक्टर द्वारा अवैध व्यवस्थापन का आदेश पारित करते हुए पूर्ववत प्रदेश शासन जंगल अंकित किए जाने का आदेश पारित किया था।

बाबजूद इसके उक्त आराजी को मानपुर के भू-माफियाओं, दलालों ने भूमि स्वामी द्रोपती बाई एवं उप पंजीयक उमरिया के साथ सांठ-गांठ करके जंगल मद के व्यवस्थापन की भूमि का नियम विरुद्ध कई लोगो को विक्रय कर दिया, इतना ही नहीं अब कार्यालय कमिश्नर से स्थगन आदेश होने के बाबजूद भी क्रेतागणों से भू-माफियाओ ने तहसीलदार और पुलिस से अच्छी तरह से सेटिंग कर दी है और निर्माण कार्य को तेजी से करने को कहा गया है। कमिश्नर के स्थगन का आदेश तामील होने के बाबजूद क्रेता गण निर्माण कार्य तेजी से कर रहे है तो, निश्चित रूप से इस पूरे प्रकरण में भू माफिया एवं स्थानीय प्रशासन जिम्मेदार है, कलेक्टर से मांग की है कि उक्त आरजी में चल रहे निर्माण कार्य के संबंध में कार्यालय कमिश्नर द्वारा किए गए आदेश का पालन कराए एवं विक्रय हो चुकी रकबे का नामांतरण पर रोक लगाई जाये, जिससे की उक्त आराजी सार्वजनिक हित के उपयोग में आ सके।



## खबर संक्षेप

### श्रेय के सहायक कमांडेंट चयन से जिले का नाम हुआ रोशन



**शहडोल।** पुलिस विभाग अंतर्गत चचाई थाना में पदस्थ एएसआई रावेन्द्र तिवारी के 22 वर्षीय पुत्र श्रेय तिवारी का चयन नौसेना में होने पर उनके मित्रों और शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी है, शहडोल और अनूपपुर जिले में बीते कई वर्षो से अपनी सेवाएं दे रहे श्री तिवारी के पुत्र का चयन नौसेना में तटरक्षक बल में सहायक कमांडेंट (सामान्य ड्यूटी) के पद पर हुआ है, गौरतलब है कि रावेन्द्र तिवारी व श्रीमती रजनी तिवारी के पुत्र श्रेय ने प्राथमिक शिक्षा चचाई आरसी में ग्रहण की, इसके बाद डीएवी बुढ़ार व केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा 12 वीं के बाद प्रयागराज यूनिवर्सिटी से ग्रेज्युऐशन की पढ़ाई पूरी की, उनकी इस उपलब्धी पर कमलेश सिंह चंदेल, जितेंद्र सिंह, मानेंद्र सिंह, राज नारायण द्विवेदी,कैलाश लालवानी, सीताराम पटेल, संजय ओटवानी, सचिन पुरी, नियामुद्दीन अली, अब्दुल कलीम सहित दर्जनों ने बधाई दी है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया योग एवं प्राणायाम



**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देयान में शहरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने योगाचार्य वर्षा तनेजा के नेतृत्व में योग एवं प्राणायाम किया। इस दौरान योगाचार्य ने कार्यकर्ताओं को बताया कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लडऩे की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग करना आवष्यक है। योग रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है और श्वसन संबंधी विकारों को भी दूर करता है। इसलिए रोजाना योग करेंगे तो आप स्वस्थ रहेंगे। साथ ही दैनिक दिनचर्या,खान-पान, प्राकृतिक चिकित्सा जीवन जीने और बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए योग का महत्व बताया गया।

### शिक्षकों ने लिया दो दिवसीय प्रशिक्षण



**शहडोल।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर जिले के 180 हाईस्कूल व हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के शिक्षकों का समावेशी शिक्षा का 02 दिवसीय प्रशिक्षण 08 जुलाई से 11 जुलाई तक 02 बैचों में जिला मुख्यालय के अशासकीय भारत माता उ.मा. विद्यालय में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक हाईस्कूल व हायर सेकेण्ड्री स्कूल से प्रथम व द्वितीय बैच में कुल 151 शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए जहां प्रशिक्षण में भोपाल से ट्रेनिंग प्राप्त कर 2 मास्टर ट्रेनर एवं एम.आर.सी. गोहपारू व सोहागपुर द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया कि वह विद्यालय के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को किस तरह पढ़ायें कि वह सामान्य छात्रों की तरह शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें, प्रशिक्षण के समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची, रमसा के एडीपीसी राजेन्द्र सिंह, ए.पी.सी. अरविंद कुमार पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

### स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 एवं 13 जुलाई से प्रारंभ

**शहडोल।** पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर एम.के . भटनागर ने सूचना देते हुए बताया है कि स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं एवं डिप्लोमा पीजी डिप्लोमा एलएल एम की परीक्षाएं 12 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। 12 जुलाई से समस्त स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं एवं डीसीए पीजीडीसीए की परीक्षाएं प्रारंभ होंगी।

## जनसंख्या विस्फोट देश के लिए चुनौती: शालिनी

# जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**शहडोल**। जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन ने गुरूवार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, बुढ़ार नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन के कारण भारत राष्ट्र के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अविलंब लागू होना चाहिए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि लगातार तीसरी बार सरकार का प्रतिनिधत्व करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन की ओर से बधाई। ज्ञापन में कहा गया कि स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक लगभग 77 वर्ष की अवधि में भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। खाद्यान अनुपलब्धता से लेकर खाद्यान्न आत्मनिर्भरता एवं निर्यात तक तथा बांध बनाने से लेकर चांद पर पहुंचने तक विकास की लंबी यात्रा हमने तय की है। परन्तु 1952 में विश्व में सर्वप्रथम परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रारंभ करने वाले भारत में सुरसा के मुंह की तरह बढक़र 143 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी, जनसंख्या के कारण यह विकास ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित हो रहा है।

### मंडरा रहा संकट

श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षो में भारत ने एक राष्ट्र के रूप में प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के अनेक विषयों पर ऐतिहासिक कार्य हुआ है, किसी राष्ट्र के लोगों को वर्तमान नेतृत्व जैसा नेतृत्व भाग्य से ही मिलता है, जिसे संजोकर रखने की जिम्मेदारी उस राष्ट्र के विवेकशील नागरिकों की होती है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन के देशभर के विभिन्न राज्यों के असंख्य कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में तथा उनमें से अनेक कार्यकर्ताओं ने लगातार दो महीने अन्य क्षेत्रों में प्रवास करके इस जिम्मेदारी का निर्वहन प्राण-पण से करने का प्रयास किया है। परन्तु जागरूक नागरिक और एक राष्ट्रवादी संगठन के सदस्य होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम जनसांख्यिकीय असंतुलन के कारण भारत राष्ट्र एवं सनातन अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट और आम जनमानस में इस विषय पर चल रहे अंडरकरंट से देश की संसद और सरकार



के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराकर इस विकट समस्या का समाधान कराने हेतु भरसक प्रयत्न करें।

### जल्द बने जनसंख्या नियंत्रण कानून

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 01 फरवरी 2024 को संसद के बजट सत्र के प्रथम दिन वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन विषय पर एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति बनाने की घोषणा की है, जिससे हमें लगता है कि आपने/आपके कार्यालय ने राष्ट्रहित के इस महत्वपूर्ण विषय का संज्ञान लिया है। हमारा संगठन आपकी सरकार द्वारा संसद में की गई उक्त घोषणा का स्वागत करता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि विभिन्न सामाजिक वर्गो के बीच जनसंख्या का अनुपात हमेशा-हमेशा के लिए वर्तमान अनुपात के अनुसार ही बना रह सके, इसके लिए आप जैसे क्षमतावान एवं राष्ट्र नेतृत्व से आग्रह है कि आप जनसंख्या विस्फोट और जनसांख्यिकीय असंतुलन की समस्या के समाधान के लिए अपनी ओर से पहल करके आवश्यक चर्चा कराकर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की प्रक्रिया जल्द से जल्द प्रारंभ करें।

### माना जाये कानून का उल्लंघन

ज्ञापन में फाउण्डेशन ने उल्लेख किया कि बहुविवाह एवं बहुपतित्व विवाहों के मामले में कही कोई भ्रम की स्थिति नहीं रहनी चाहिए, अगर कानूनन भी कोई पुरूष एक से अधिक पत्नी रखता है और इन्हें तलाक देकर अदल-बदल करतु ए अपने जीवनकाल में अनेक शादिया करता है तो, उसे सभी पत्नियों के माध्यम से अलग-अलग दो-दो बच्चे पैदा करने की छूट नहीं दी जा सकती। किसी एक अथवा दो पत्नियों से कुल दो बच्चों की उत्पत्ति पर परिवार पूर्ण माना जाए। कुल मिलाकर पत्नियों अथवा पतियों की संख्या कितनी भी क्यों न हो, उसे एक परिवार मानते हुए बच्चों की कुल संख्या 2 से अधिक होना कानून का उल्लंघन माना जाए।

### इनकी रही मौजूदगी

जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन का नेतृत्व करते हुए शालिनी सरावगी के साथ ज्ञापन सौंपने के दौरान नीलम चतुर्वेदी, सत्यभामा गुप्ता, काजल सरावगी, गीता मिश्रा, रेखा त्रिपाठी, अर्पणा चतुर्वेदी, अन्नू शर्मा, सुखमंती सिंह, अंजना गुप्ता, संगीता निगम, निर्मला गुप्ता, कल्पना सोनी, अनामिका सिंह, वर्षा तनेजा, मंजीत कौर मान, गीता तिवारी, निशा गौतम, रूपा चतुर्वेदी, रीता सोनी, सुमित्रा नामदेव, रीना द्विवेदी, पूनम गुप्ता, शिप्रा मजमूदार, कल्याणी वाजपेयी, सविता शर्मा सहित अन्य फाउण्डेशन के सदस्य मौजूद रहे।




## खुद पर उपकार करने पौधरोपण करना अतिआवश्यकः कलेक्टर

### जीवन को कायम रखने पेड़ की अहम भूमिकाः न्यायाधीश



**उमरिया**। खुद पर उपकार करने के लिए मानव को पौधरोपण करना बहुत जरूरी है। प्रदेश शासन के आव्हान पर जिले में एक पेड मां के नाम अभियान संचालित किया गया है। जिसके माध्यम से प्रतिदिन वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करके पौधरोपण किया जा रहा है एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है। जिले मे 12.5 लाख पौधे के रोपण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पुलिस लाईन उमरिया में आयोजित एक पेड मां के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । श्री जैन ने कहा कि यही पौध जब विशाल पेड बनेंगे तब पर्यावरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करेंगे। पौधरोपण के साथ ही सभी को उसकी सुरक्षा देखभाल का जिम्मा भी उठाना चाहिए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पेड़ पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन का भंडारण करते हैं और सभी जीवों के कल्याण में योगदान करते हैं। पेड़ों का महत्व सिर्फ प्रकृति का हिस्सा होने से कहीं अधिक है, वे ग्रीनहाउस गैसों को कम करके जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्रिय रूप से मदद करते हैं। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि पेड़ प्रकृति की ढाल की तरह हैं, जो मिट्टी के कटाव और सूखे जैसी आपदाओं को रोकते हैं। इसलिए जरूरी है कि सभी पौधरोपण करें और उमरिया जिले को हरा भरा बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें ।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार व्यक्ति घायल

### घायलों से मिलने पहुंचे एसडीएम पाली



**उमरिया**। जिले के बिरसिंहपुर पाली में गंजरहा नाला के पास पेड के नीचे खडे चार व्यक्ति आकाशीय बिजली की चपेट मे आ गये । घटना के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली लाया गया एवं उनका इलाज किया जा रहा है। घायलों में लवकुश बसोर उम्र 22 साल वार्ड क्रमांक 12, सुनील उम्र 20 साल वार्ड क्रमांक 10, गुडडू सोनकर उम्र 32 साल वार्ड क्रमांक 12 तथा राजा उम्र 20 साल वार्ड क्रमांक 12 शामिल है। घटना की खबर एसडीएम पाली टी आर नाग को लगने पर उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचकर घायलों का हाल चाल जाना एवं उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर छात्र-छात्रों ने निकाली रैली




**उमरिया**। विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को बिरसिंहपुर पाली में युवा खेल कल्याण विभाग के तत्वाधान में संत जोसफ स्कूल के छात्र छात्रों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने रैली में भाग लेते हुए जनसंख्या को नियंत्रण करने के लिए लोगों से अपील की है। स्लोगन पट्टिका एवं नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। यह रैली संत जोसफ स्कूल से शुरू हुई जो साईं मंदिर, बस स्टैंड, बिरासिनी मंदिर रोड होते हुए संत जोसफ स्कूल में समाप्त हुई। संस्था के प्राचार्य ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण न होने से तमाम समस्या भविष्य में उत्पन्न होंगी। इस अवसर पर खेल एवं कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखंड पाली जिला उमरिया में ब्लॉक समन्वयक रेशमा श्याम शर्मा , संत जोसफ स्कूल के प्राचार्य, थाना प्रभारी मदनलाल लाल मरावी सहित छात्र छात्रा मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने बच्चों साथ किया पौधारोपण



**उमरिया**। शासकीय माध्यमिक विद्यालय उमरिया परिसर युवा टीम द्वारा आयोजित एक पेड़ माँ के नामश अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्रि कुमार जैन, अतिरिक्ता पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह ने बच्चों साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एम.एन स्वामी विद्यालय प्राचार्य नीलम पाठक,पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी , शिक्षक ममता गुप्ता, शैलजा वर्मा, कल्पना साहू, संगीता त्रिपाठी,पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन, राहुल सिंह, सुनील प्रजापति ,राहुल गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया महेश तिवारी, ऋषभ त्रिपाठी एवं सभी विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जितना जरूरी पौधारोपण करना है उससे भी ज्यादा जरूरी लगाए गए पौधे को पानी देना और उसकी सुरक्षा करना है। आप पौधा जरूर लगे मगर उसे नियमित रूप से संरक्षित भी करें। ताकि आपका प्रयास सफल हो सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने कहा कि पौधारोपण का उद्देश्य महेश पौधा लगाना नहीं है बल्कि जनमानस को एक संदेश देना है कि पर्यावरण के संतुलन को संतुलित करने के लिए भी पौधों रोपण पर बहुत ही आवश्यक है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एम एन स्वामी ने बताया कि जब पर्यावरण सही होगा तभी भारत माता और पृथ्वी माता की सुखी समृद्ध और स्वस्थ रहेंगी।

## एडीपीसी ने दिया पुष्पराजगढ़ में दो दिवसीय प्रशिक्षण



**राजेन्द्रग्राम**। एडीपीसी देवेश बघेल द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय करौंदी में 9 एवं 10 जुलाई को सभी प्राचार्य एवं छात्रों का शैक्षणिक स्तर सुधारने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिये गए। देवेश बघेल द्वारा कहा गया की हमें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक नवाचार और तकनीकों का उपयोग करना चाहिए ताकि पढ़ाई बच्चों के लिए रोचक और समझने में आसान हो सके। इसी तारत्यम में शाउमावि करौंदी प्राचार्य श्रीमती शेफाली पांडेय द्वारा करौंदी संकुल अंतर्गत सभी संकुल शिक्षको एवं एसएमडीसी के सदस्यों की आवश्यक बैठक बुलाकर छात्रों का शैक्षणिक स्तर सुधार हेतु एवं एनएएस ब्रिजकोर्स प्रोजेक्टर प्लान पर भी जोर देते हुये छात्रों को उच्च शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर प्रेरित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

# तेज बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत



कोतमा

कई दिनों बाद गुरुवार को दोपहर 12 बजे से करीब 1 घंटे तेज बारिश हुई और लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत की सांस ली। बता दें कि कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों के माथे में चिंता की लकीर आने लगी थी। किसान परेशान हो गए थे किसानों का कहना था कि महंगे खाद बीज खरीद कर खेतों में थरहा लगा दिए थे और बारिश नहीं होने के कारण रोपा नहीं दे पा रहे थे। वहीं तेज बारिश होने के कारण नगर पालिका के विकास कार्यों की पोल भी खोल नजर आई। जगह-जगह सड़कों पर पानी भर गया, नालियां भी गंदगी से जाम थी जिसके कारण नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा था। वहीं नगर में कई मोहल्लों में सड़के अत्यंत जर्जर हैं सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं और बारिश होने के कारण उन गड्ढे में बारिश का पानी भर गया जिसके कारण आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### चलने लायक नहीं है सड़क

रेस्ट हाउस रोड से लहसुई गांव रेलवे लाइन पार कर जाने वाली सड़क अत्यंत ही जर्जर हो गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं तेज बारिश होने के कारण सड़क में कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा था सड़क चलने लायक नहीं थी। यही हाल वार्ड क्रमांक 8 में निवास करने वाले संतोष गुप्ता के घर के सामने नाली एवं सड़क नहीं होने के कारण बारिश का पानी मिट्टी युक्त सड़क पर भर गया था, आसपास के रहवासियों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि नगर पालिका के द्वारा नगर में विकास कार्य करने का दावा किया जा रहा है और बारिश होते ही विकास की पोल खुलती नजर आई।

## बदरा में 3125 आम व 125 लीची के पौधों का हुआ रोपण




**अनूपपुर**। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में किए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बदरा में 5 हेक्टेयर क्षेत्र में वृहद पौधरोपण का कार्य जनसहभागिता से सम्पादित किया गया। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती धनमती सिंह, जनपद सदस्य लालबहादुर साहू, श्रीमती चन्द्रवती भारती, श्रीमती दुर्गा पटेल, श्रीमती मालती गुप्ता, सरपंच बदरा शिवभान सिंह, उप सरपंच शकुंतला शुक्ला, हनुमान गर्ग, विनोद तिवारी, बिलाल अहमद, नूर मोहम्मद तन्हा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्रीमती दीपशिखा भगत, जनपद पंचायत अनूपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऊषा किरण गुप्ता, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक सुभाष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार मिथिला प्रसाद पटेल, सहायक कार्यक्रम अधिकारी रावेन्द्र आर्या, अंकुर सिंह, एसएडीओ सरदार सिंह, उपयंत्री लव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं व सीएम राईज स्कूल के विद्यार्थियों तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों ने पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लिया। जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बदरा के 5 हेक्टेयर भूमि पर छः किस्म के 3125 आम के पौधों का तथा 125 लीची के पौधों का रोपण किया गया। बड़ी संख्या में फलदार पौधों का रोपण पर्यावरण अनुकूलता के लिए मददगार साबित होगा। विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी जन आन्दोलन का रूप ले चुकी है। उन्होंने पौधरोपण के साथ-साथ उसके संरक्षण तथा अनूपपुर जिले को हरियाली से आच्छादित करने की नागरिकों से अपील की। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पौधरोपण करते हुए कहा कि यह अभियान मानव जीवन को बचाने का अभियान है। यह एक अच्छा कार्य है, इसे निरन्तर आगे बढ़ाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार है, यह हमारे जीवन का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने पौधरोपण कर रहे स्कूली बच्चों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हुए उसके संरक्षण पर भी बल दिया।

### पौधरोपण स्थल पर मनाया जन्मदिन

ग्राम पंचायत बदरा के सरपंच शिवभान सिंह का 10 जुलाई को जन्मदिन था। संयोग से इसी दिन बदरा में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सरपंच शिवभान सिंह ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए पहले तो पौधरोपण किया, तत्पष्चात पौधरोपण स्थल पर ही केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। ग्राम पंचायत बदरा द्वारा पूर्व वर्षो में किए गए पौधरोपण कार्य का एलबम तैयार कर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भेंट किया गया। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत के दस्तावेजी कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यों का दस्तावेजीकरण आवश्यक रूप से किया जाए।

## जमीनी विवाद व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज

**कोतमा**। थाना अंतर्गत खेती किसानी का सीजन शुरू होते ही जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटनाएं बढ़ जाती है। थाना क्षेत्र के रेउसा निवासी कमलेश जायसवाल के साथ द्रोणित जायसवाल एवं छोटे जायसवाल द्वारा जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि कमलेश जायसवाल अपनी जमीन में खेती किसानी का कार्य कर रहा था जिस पर दोनों लोगों द्वारा विवाद करते हुए घटना को अंजाम दिया गया।

## प्राइवेट स्कूलों के संचालन में मनमानी

# मूलभूत सुविधाओं का अभाव किताब व ड्रेस में कमीशनबाजी

**कोतमा**। नगर मे संचालित प्राइवेट स्कूल संचालकों की मनमानी चल रही है स्कूल संचालकों द्वारा मनमर्जी से स्कूलों का संचालन किया जा रहा है वही इन स्कूल संचालकों द्वारा अपनी चिन्हित दुकानों से कापी किताब व ड्रेस बिकवाई जा रही हैं जबरन की कापी किताबें थोपी जा रही हैं। फीस व किताबों के महंगे दाम अभिभावकों की जेब ढीली कर रहे हैं। अभिभावकों ने बताया की स्कूलों में छोटे-छोटे कमरे मे कक्षाएं लग रही न तो रोशनदान न पंखे की व्यवस्था न पर्याप्त बिजली की व्यवस्था न पीने के लिए स्वच्छ पानी न खेल के लिए मैदान इन सब नियम कायदों की धज्जियां उड़ाकर शिक्षा विभाग के ब्लाक और जिले के अधिकारियों की कृपा दृष्टि से कागजों में खानापूर्ति करके इन स्कूलों का संचालन हो रहा है।

नियम विरुद्ध तरीके बसो का संचालन नगर के कुछ प्राइवेट स्कूल संचालकों के द्वारा बच्चों को लाने ले जाने के लिए बसें लगाई गई है उन बसों का संचालन नियम विरुद्ध तरीके से किया जा रहा है। शासन के गाइडलाइन के अनुसार बसों में न तो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। बसों में अग्नि समक यंत्र भी नहीं लगे हुए हैं बसें कंडम हाल में है, जबकि शासन का नियम है कि बसों में जितनी सीट है उसके अनुसार ही बच्चों को बैठाया जाए लेकिन स्कूल संचालकों के द्वारा बसो का संचालन की धज्जियां उड़ाते हुए क्षमता से ज्यादा बच्चों को बसों में बैठाया जा रहा है। यहां तक की बसों का किराया भी मनमानी तरीके से वसूल किया जाता है। नगर के अंदर एक से दो किलोमीटर पर 500 से 1000 रुपए महीने बस का किराया अभिभावकों से वसूला जाता है। बसों में बीमा फिटनेस भी नहीं है अभी कुछ दिन पहले शासन के निर्देश पर जिला परिवहन एवं यातायात विभाग के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया था, लेकिन उसमे मात्र खाना पूर्ति की गई। अभिभावको ने जिला कलेक्टर से स्कूलों में संचालित बसों की सघन जांच करते हुए कार्यवाही करवाए जाने की मांग की है।

## शिव मंदिर में महिलाओं ने किया वृक्षारोपण



**राजनगर**। राजनगर क्षेत्र केअंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत मध्यप्रदेश में साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाने का जो संकल्प लिया गया है। धरती मां को हरा भरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने एवं पर्यावरण का संरक्षण करने हेतु मध्य प्रदेश शासन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाकर सार्थक पहल की शुरूआत की है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेश भर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। उसी क्रम मे प्रदेशभर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम चल रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजनगर गेस्ट हाउस के सामने शिव मंदिर में महिलाओं द्वारा फलदार एवं छायादार वृक्ष आम आंवला, अमरूद, शमी, नीम, बरगद के वृक्ष अपने मां के नाम पर रोपण किया गया। कार्यक्रम में सरिता मिश्रा प्रतिमा दुबे, चंद्रकला दुबे, पूजा शर्मा, कविता दुबे, पूनम सिंह, सोनम तिवारी, सुमिता शर्मा उपस्थित रही।

## रंगदारी कर रूपयो की मांग करने वाले आरोपी को पुलिस ने दिखाया जेल का रास्ता

**कोतमा**। थाना अंतर्गत सोमवार को विचारपुर निवासी विष्णु तिवारी पिता बद्री तिवारी 44 वर्ष के घर में घुसकर गाली गलौज कर धमकाने व मारपीट कर नशे के सेवन के लिए रूपयो की मांग करने पर आरोपी नंद किशोर तिवारी के खिलाफ पुलिस ने बीएस की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही की है। दिन दहाड़े घर मे घुसकर वसूली करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय पेश कर जेल भी भेज दिया गया। घटना के बारे में विवेचक एएसआई विनय सिंह ने बताया कि फरियादी विष्णु तिवारी अपने घर में थे जहां सुबह-सुबह आरोपी नंदकिशोर 36 वर्ष जबरन उसके घर में घुसकर गाली गलौज कर विवाद करने लगा व धमकाते हुए जबरन रुपए पैसों की मांग करने लगा। घर वालों के द्वारा रुपया ना होने की बात कह कर मना किया गया तो आग बबूला होते हुए आरोपी के द्वारा मारपीट करते हुए जान से मारने की भी धमकी देकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस के द्वारा टीम बनाकर आरोपी को गिरफ्तार कर रंगदारी वसूलने के आरोप में जेल का रास्ता दिखाया।

## खबर संक्षेप

### आरोपी पर पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना कोतवाली जिला उमरिया के अपराध क्रमांक 270/24 धारा 457, 380 भादावि के आरोपी सत्येम यादव पिता छोटेलाल यादव निवासी ग्राम करेला चौकी खितौली थाना बरही जिला कटनी पर पांच हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक उमरिया का अंतिम निर्णय होगा।

### बाइक से नीचे गिरी महिला की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत रजरवारा से कटनी की ओर आ रही बाइक सवार महिला चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पार्वती पति प्रमोद बर्मन 30 निवासी रजरवारा अपने पति के साथ बाइक से किसी कार्यवश कटनी आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में पार्वती बाइक से नीचे गिर गई। घटना में महिला के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव पीएम के लिए भेजा और घटना को जांच में लिया है।

### बाइकों में हुई सीधी टक्कर, हादसे में महिला की मौत

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुहास और भरतपुर के बीच मोटरसाइकिलों में आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गत सुबह करीब नौ बजे पन्ना जिले के रैपुरा थाना अंतर्गत ग्राम खेरो निवासी रमेश बाई पति सिक्कू लोधी रीठी थाना अंतर्गत ग्राम गुरजी कला निवासी अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर कटनी इलाज कराने जा रही थी। इसी दौरान मुहांस और भरतपुर गांव के बीच तालाब के समीप सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। मोटरसाइकिलों में आमने-सामने से हुई टक्कर इतनी तेज थी की पीछे बैठी रमेश बाई की मौत हो गई।



# सरकारी स्कूलों के हालात जर्जर, व्यवस्थाएं शून्य

**बुढार।** प्रवेश उत्सव मना कर नए शिक्षण सत्य की शुरुआत हो चुकी है, बच्चों को स्कूलों में सुविधा व पढ़ाई का स्तर सुधारने की बड़ी-बड़ी बातें और उनके विकास की चर्चाएं जनप्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अन्य लोगों ने अपने अनुभव छात्र छात्राओं के साथ साझा किया।

रोज स्कूल आना पढ़ाई करना उत्साहित कर। बच्चों को नित्य विद्यालय आने की समझाइश उपरांत भी ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय शाला भवन के हालात बुरे और जर्जर हैं इन भवनों में बच्चों की बैठने की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था शून्य है। नवीन सत्र के साथ पठन पाठन करना स्कूलों में बच्चों का नाम पंजीकृत करना, इत्यादि कई कार्य प्रवेश उत्सव के साथ प्रारंभ हैं लेकिन बुढार जनपद अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों संकुलों का हाल बेहाल है। संकुलो के अंतर्गत आने वाले विद्यालय में व्यवस्थाएं शून्य हैं। पुस्तक वितरण की प्रक्रिया बहुत ही धीमी है। बरसात के दिनों में गाजर घास जगह-जगह देखे जा सकते हैं। अधिकतर विद्यालयों में शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। कई विद्यालयों में विद्यालय खोलने और बंद करने का कार्य छात्र ही कर रहे हैं। संकुल प्राचार्य व्यवस्था के तौर पर कभी भी संकुलो अंतर्गत विद्यालयों का भ्रमण नहीं करते अगर करते हैं तो पूर्व वर्षों की निरीक्षण पंजी को देखा जा सकता है। सूत्रों से चर्चा है कि अतिथि शिक्षक भर्ती की जांच का विषय है जबकि पूरी अतिथि शिक्षक की भर्ती ऑनलाइन के माध्यम से और ऑफलाइन के माध्यम से की जाती है। शौचालय के नियमित सफाई न होने से संक्रमण का खतरा विद्यालय छात्र छात्राओं को सता रहा है। संकुल प्राचार्य के मनमानी रवैया से शिक्षक बहुत खुश हैं जो समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते हैं, जबकि संकुलो के अंतर्गत हाई स्कूल, और कई माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। देखना यह होगा कि क्या समय रहते शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि पुनः विद्यालयों का भ्रमण कर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कार्य करेंगे या सिर्फ कागजों में कोरम पूर्ण होगा यह तो समय और छात्रों का परीक्षा परिणाम की बताएंगे। उधर जनपद अंतर्गत ऐसे ऐसे कई हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल है जहां की 2023 24 का परीक्षा परिणाम अत्यंत कमजोर आया है। यही कारण है कि मध्य प्रदेश में शहडोल जिला नीचे से चौथे स्थान पर है। देखना होगा कि इस वर्ष कितनी प्रगति विद्यालयों के द्वारा परिणाम पर की जा सकती है अगर हाल यही रहा तो परिणाम पुनः विचारणीय होगा। अधिकतर विद्यालयों में बिजली की व्यवस्था के साथ बैठने के लिए दरी एवं टाट पट्टी भी अपूर्ण हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार मॉनिटरिंग की आवश्यकता है जो अधिकारियों द्वारा समय-समय पर नहीं की जा रही है और समस्याओं के साथ विद्यालय को खुलना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कई प्राथमिक एवम आंगनबाड़ी केंद्रों में बन रहे गेटो का तार निकले हुए है जिससे कभी भी कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है। अगर यही हाल रहा तो बच्चों का सर्वांगीण विकास कैसे संभव होगा।

# मत अपनाओ ऐसा फंडा, पहले जारी करो एजेंडा

टीवी के विभिन्न चैनलों में आने वाले गेम ऐप यानी विज्ञापनों में जिस प्रकार उसके फायदे और कमाई का खुलकर प्रचार किया जाता है और उसके जोखिम तथा शर्तों को इतनी जल्दबाजी में बोला जाता है कि कोई समझ ही ना पाए ठीक उसी प्रकार धनपुरी नगर पालिका की मासिक बैठक भी आयोजित होती है। बैठक शुरू होते ही एक व्यक्ति द्वारा सरपट अंदाज में निर्माण कार्यों सूची को सुना दिया जाता है और उस पर कार्यवाही शुरू हो जाती है।अब जिम्मेदारों को कौन बताए कि परिषद में सभी पार्षद वेल एजुकेटेड नहीं होते कुछ अल्प शिक्षित भी होते हैं जिन्हें आराम से पढ़ने और समझने की आवश्यकता होती है ताकि वह अपनी बात कह सके और एजेंडा को समझ सके इसलिए जरूरत इस बात की है कि नगर पालिका द्वारा बैठक शुरू होने के एक दिन दो दिन पूर्व पार्षदों को वह सभी जानकारी अवगत हो ऐसा एजेंडा उपलब्ध कराया जाए ताकि वह बैठक में सक्रिय भागीदारी निभा सके।

## धनपुरी नगर पालिका में मनमानी का दौर, पार्षदों की नहीं कोई सुनवाई

**धनपुरी।** नगर पालिका परिषद की बैठक हर माह होती है, जिसमें विधायक प्रतिनिधि से लेकर नगर पालिका सीएमओ नगरपालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष सहित नगर के विभिन्न वार्डों के पाषर्दगढ़ उपस्थित होते हैं।परिषद की बैठक में नपा के द्वारा हर माह बनाए गए नगर विभिन्न वार्डों में होने वाले विकास कार्यों का सूची उपस्थित पार्षदों को धारा प्रवाह सुना दिया जाता है। उक्त एजेंडे को कुछ लोग सुन पाते हैं कुछ नहीं सुन पाते, कुछ समझ पाते हैं कुछ नहीं समझ पाते, कुछ लोग समझने की कोशिश करते हैं तब तक बैठक ही समाप्त हो चुकी होती है। ऐसे हालात में बैठक में शामिल होने वाले पार्षद गण अपने नगर के विकास में किस हद तक सकारात्मक भूमिका निभा पायेंगे यह सवाल अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन समस्या यह है कि उनकी कोई सुनने को तैयार ही नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक के शुरू होने के समय होने वाले नगर में विकास कार्यों और प्रस्तावित कार्यों से संबंधित कार्य सूची की एक एक कॉपी सभी पार्षद गणों को दी जाती जबकि पार्षद ने नगर विकास मे होने वाले कार्यों की परिषद की बैठक से पहले दिए जाने की मांग की गई थी जिससे नगर के विभिन्न वार्डों में होने वाले निर्माण कार्यों से परिचित होंगे और निर्माण कार्यों पर परिषद में विचार विमर्श किया जा सके। लेकिन नपा पार्षद की इस बाद सहमत क्यों नहीं है।

### जनहित से किनारा

परिषद की बैठक में पूर्व में पार्षदों द्वारा उठाए गए जनहित के ऐसे कई मुद्दे हैं जिस पर न अमल किया जाता और न ही किसी तरह की कार्य की भूमिका बनाई जाती जो नगर हित के लिए आवश्यक है। जैसे आजाद चौक में मॉडल रोड का निर्माण, बाजार बैठकी, वार्ड नंबर 4, शॉपिंग काम्पलेक्स, वार्ड 17



शॉपिंग कंपलेक्स, वार्ड नंबर 14 शॉपिंग कंपलेक्स, वार्ड नंबर 21 शॉपिंग कंपलेक्स (किराया) की वसूली कितना कौन वसूली करता है, कौन से मद में जमाकर हो रहा किराया किससे कितनी राशि ली जाती है कितना बकाया है इसका कोई हिसाब नहीं, वार्डों में पानी साफ सफाई बिजली सड़क जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, जल भराव की स्थिति, वार्डों में पानी सप्लाई विना ब्लीचिंग पाउडर सप्लाई, नालियों में कीटनाशक दवाई का अभाव,जिस पर न तो नपा अधिकारी कोई ध्यान नहीं दिया जाता और परिषद में पार्षद के उठाने वाली जन समस्या को दवा दिया जाता हैं।

### सिर्फ हाथ उठाएं पार्षद

नगर पालिका परिषद की बैठक और इसकी कार्यवाही को देखकर यही प्रतीत होता है की पालिका के ओहदेदारों को हर प्रस्ताव पर हाथ उठाकर अपना समर्थन देने वाले पार्षदों की आवश्यकता है। वह कुछ भी करें, कोई भी प्रस्ताव तैयार करें, एजेंडा में शामिल करें, पार्षद उसका समर्थन करते रहें। यही वजह है कि न तो ठीक से एजेंडा सुनाया जाता न पहले से दिया जाता और न ही पार्षदों की जनहित से जुड़ी मांगों पर कोई ध्यान दिया जाता है। पार्षद हर महीने बैठक में अपने वार्डों की समस्याओं का ढिंढोरा पीटते थक जाते हैं लेकिन उन्हें सुलझाने या लोगों को किसी प्रकार की राहत देने के संबंध में नगर परिषद के कर्ताधर्ताओं द्वारा कोई पहल नहीं की जाती है। नगर पालिका परिषद की मौजूदा गतिविधियों से परेशान नगर के पार्षदों ने आरोप लगाए कि वर्षा के दिनों मे वार्डों में प्रकाश व्यवस्था को लेकर परिषद की मीटिंग में बोला जाता है परिषद में कहा जाता है कल आपका काम हो जाएगा 15 दिन के बाद भी समस्या ज्यों कि त्यों बनी रहती है कहते हैं जब सभापति की नहीं सुनी जाती तो फिर पार्षद की कौन सुनेगा।

### यह है पार्षदों की मांग

नगर वासियों और नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन देकर लोगों का समर्थन हासिल करते हुए परिषद में पहुंचने वाले नगर के पार्षदों का कहना है कि नगर पालिका कार्यालय स्टाफ की कार्य पद्धति समझ से परे है मनमाना वसूली मनमाने ढंग से कार्य और लोगों को परेशान किया जाना आम हो चला है। परिषद की बैठक में यह बात उठाई गई है कि विभिन्न कार्यों के लिए शुल्क निर्धारण कर सूची लिस्ट प्रदर्शित किया जाए जिससे नगर पालिका में बनने वाले विभिन्न मदों में निर्धारित शुल्क राशि जमा हो अनाप-शनाप खर्च से उपभोक्ता बच सके जैसे हाउस टैक्स नवनिर्मित गृह निर्माण परिसीमन विद्युत एनओसी, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राशन पात्रता पर्ची, नामांतरण, विधुत एनओसु, अन्य योजनाएं में लगने वाले शुल्क निर्धारित सूची बनाकर डिस्प्ले किया जाए जिससे लोगों को शुल्क जमा करने में परेशानी ना हो।



## सहायक संचालक, सहायक परियोजना समन्वयक ने विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण

**उमरिया।** सहायक संचालक आर.एस.मरावी, विनीत कुमार के.व्ही. सहायक परियोजना समन्वयक द्वारा शासकीय उ.मा.वि. ताला, हाईस्कूल परासी, माध्यमिक शाला धमोखर, शासकीय उ.मा.वि. धमोखर एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होकने शासकीय उ.मा.वि.ताला में किये गये वृक्षारोपण के फोटोग्राफ्स निसर्ग एप में अपलोड किये जाने शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार नियमित कक्षाओं का समय विभाग चक्र के अनुसार संचालन व शतप्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश गये। शासकीय माध्यमिक विद्यालय धमोखर के संस्था प्रमुख को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व शासकीय मा.वि.धमोंखर में शतप्रतिशत मैपिंग एवं बच्चों के परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत लक्ष्य के साथ सुधार करने के निर्देश दिये गये। शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैरा में संस्था प्रमुख को हाई टेंशन लाईन के नजदीक लगे वृक्ष की छटाई विद्युत मण्डल को पत्र लिखकर कराये जाने व बच्चों को वृक्षों के पास न जाने के निर्देश दिये गये। शासकीय हाईस्कूल परासी में जर्जर भवन में बच्चों को न बैठाये जाने एवं विद्यालय की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये गये। सभी संस्था प्रमुख को निर्देशित किया गया कि शतप्रतिशत पुस्तक वितरण कक्षावार, इकाईवार निर्देशानुसार शैक्षणिक कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।

## भाजपा जिलाध्यक्ष से की गई थी मांग

# सांसद के प्रयास से 365 करोड़ की सिंचाई परियोजना को मिली स्वीकृति



**मानपुर।** लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह द्वारा इंदवार क्षेत्र में सिंचाई परियोजना के लिए 356 करोड़ रुपए की स्वीकृत दिलवाई गई, लोकसभा क्षेत्र शहडोल की लोकप्रिय सांसद अपने क्षेत्र भ्रमण में थी , क्षेत्र के लोगों द्वारा भाजपा के जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय से सिंचाई परियोजना चालू करवाने की मांग की गई, जिलाध्यक्ष द्वारा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह से इस मांग को रखे, जिसमें सांसद द्वारा स्वीकृत दिलवाने का आश्वासन प्रदान की सांसद के द्वारा जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को पत्र लिखकर मांग को रखी। मंत्री ने सांसद हिमाद्री सिंह की मांग को मूर्त रूप प्रदान करते हुए 356 करोड़ रूपए की परियोजना को मंजूरी दिए, जिससे क्षेत्रीयजनों में भारी उत्साह दिखा, इस संदर्भ में भाजपाजनों से बात की गई तो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गौतम से बात की गई तो, उन्होंने कहा कि सांसद हिमाद्री सिंह क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखेंगी, उन्होंने बताया कि सांसद के द्वारा सिंचाई परियोजना की स्वीकृत सभी क्षेत्रीय जनों के लिए वरदान साबित होगी। सांसद का सादर आभार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय का आभार जिन्होंने इस मांग को प्रमुखता से सांसद हिमाद्री सिंह के समक्ष रखे। इस संदर्भ में जब सांसद प्रतिनिधि उदयभान द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सांसद क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, हम सभी क्षेत्रीय जनों के लिए यह परियोजना वरदान है, किसान बंधुओ के लिए खुशी की बात है, सांसद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय का आत्मीय आभार, इस संदर्भ में भाजपा के जिला संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल द्विवेदी से बात की गई तो, उन्होंने बताया की सांसद हिमाद्री सिंह हमेशा जन हितैषी कार्यों को करवाने के लिए तत्पर रहती है सिंचाई परियोजना से क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है लोगो में उत्साह और उमंग है सांसद एवम भाजपा जिलाध्यक्ष का आत्मीय आभार।

# मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम का तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बदरा/जमुना।** सीटू के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आंगनबाड़ी जिला समिति अनूपपुर के द्वारा मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया तहसीलदार के माध्यम से कामरेड अफसाना बेगम ने बताया कि उमा सोनी को 6 माह से पेमेंट नही मिला वहीं बेला बाई एक वर्ष से पेमेंट नहीं मिला है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका से काम तो सरकार के द्वारा लिया जाता लेकिन देने के नाम से सरकार के पास कोई योजना नहीं होती है। कामरेड संध्या शुक्ला ने बताया कि सरकार हम महिलाओं का शोषण कर रहीं हैं कामरेड दलवीर ने कहा कि केंद्र व राज्य में बैठी सरकार मजदूर विरोधी किसान विरोधी नौजवान छात्र महिला विरोधी है। जिले मे हाथियों के द्वारा गांव में घर का क्षति हुई है उसका मुआवजा दिया जाये कामरेड दिलीप चौधरी ने बताया कि सरकार महिलाओं के साथ अत्याचार कर रही है वही मजदूरों को गुलाम बनाने वाली नितियो को लागू करने के लिए प्रयासरत हैं। इंद्रपती सिंह जिला महासचिव ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद एनडीए के रूप में गठित केंद्र सरकार ने अपने गठन के साथ 100 दिन की जो कार्य योजना बनाई है उसमें देश के मजदूरों को गुलाम बनाने वाली श्रम संहिताओं को लागू करने की है। गत 20 जून 2024 को केंद्र सरकार के श्रम मंत्रालय ने सभी प्रदेशों के श्रम सचिवों तथा श्रम आयुक्तों की बैठक कर चार श्रम संहिताओं को लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। आजादी के पहले और बाद में मजदूरों के संघर्षों और कुर्बानियों से बने 44 श्रम कानूनों में से 29 श्रम कानूनों को चार मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं (लेबर कोड) में बदल दिया गया है। इससे 74% मजदूर सामाजिक सुरक्षा व 70% उद्योग श्रम




कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे। इन चार लेबर कोड्स में हड़ताल करने पर मजदूरों हेतु सख्त सजाओं का प्रावधान किया गया हैकेंद्र सरकार ने फिक्स्ड टर्म रोजगार की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है, जिससे मजदूर नियमित रोजगार से वंचित हो जाएंगे। मजदूरों के काम के घंटे को 8 से बढ़ाकर 12 घंटे करने की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। यह सरकार नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, कोयला में एमडीओ रिवेन्यू शेयरिंग मॉडल तथा अन्य तरीकों से सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण के लिए तेजी से कदम बढ़ा रही है। देश में संभवत पहला मामला है जहां मध्य प्रदेश के अंदर कानूनी रूप से न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण के लिए निर्धारित 5 वर्ष के अंतराल के बाद होने वाले पुनरीक्षण को 9 वर्ष के बाद तमाम काट छांट करने के बाद लागू किया गया। केवल एक महीने मई 2024 के वेतन में यह मिला था तथा उसके बाद उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ द्वारा जारी स्थगन आदेश के बहाने 24 मई को श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए इस आदेश से बढ़े हुए वेतन को भी वापस ले लिया गया। इससे न सिर्फ यह वेतन वृद्धि छीन गई बल्कि मई 2024 में बढ़ी हुई राशि को भी वापस जबरन वसूली करने का अधिकार तमाम कारखाना मालिकों को मिल गया। सिंह ने बताया कि इन कारगुजारीयो के चलते न्यूनतम वेतन कानून के दायरे में आने वाले मध्य प्रदेश के 25 लाख से ज्यादा श्रमिक कर्मचारियों में कुशल को 1625 रुपए, अर्ध कुशल को 1764 रुपए, कुशल को 2109 रुपए तथा अति कुशल को 2434 रुपए मासिक कटौती झेलनी पड़ रही है।

# पेसा एक्ट की ग्राम सभा संपन्न



**उमरिया।** मध्य प्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार) नियम 2022 के तहत जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत 4 ग्राम पंचायत में पेसा एक्ट की ग्राम सभा का आयोजन किया गया।जिसमे नवीन ग्राम सभा गठन हेतु नजरी नक्शा का भौतिक सत्यापन किया गया। तहसीलदार पाली के द्वारा ग्राम पंचायत सलैया 2 के गडरहा टोला, ग्राम पंचायत ओदरी के आम्हा टोला ग्राम पंचायत खोलखमहरा के ककरहाई टोला ग्राम पंचायत नरवार के मरवा टोला में तहसीलदार पाली के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से फलिया टोला में जाकर नजरी नक्शा का भौतिक सत्यापन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार महोदय एवं ब्लॉक समन्वयक पेसा सरपंच सचिव रोजगार सहायक मोबिलाईजर उस फलिया टोला के मतदाता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**मानपुर।** आगामी 17 जुलाई को मोहर्रम का पर्व मनाया जाना है, इस संबंध में इंदवार थाना अंतर्गत अमरपुर चौकी प्रभारी विजय सेन की अध्यक्षता में परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्नक हुई। बैठक में मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजीलाल चौधरी, भागवान दास , प्रमोद चतुर्वेदी, रामायण तिवारी,राजर्षि मिश्रा, दिनेश कोल राम सुजान पटेल, अमित श्रीवास्तव, राम सुजान पटेल, मो.सबीर, मो.यासीन, मो. मघ्घू, जकीर हुसैन, शरीफुदीन, नूर मोहम्मद, अमित चतुर्वेदी प्रधान आरक्षक होम सिंह, रामाकांत तिवारी ,समस्त स्टाफ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कार्बन कान्वेंट स्कूल में एक वृक्ष मां नाम कार्यक्रम के तहत किया गया वृक्षारोपण

**धरा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने, पर्यावरण को संतुलित एवं सुरक्षित रखने के वृक्षारोपण जरूरी है**

**बुढार।** गुरुवार को कार्बन कान्वेंट स्कूल ओपीएम में ₹एक वृक्ष मां के नाम₹ अभियान के तहत विधालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधा रोपण तहसीलदार श्रीमती भावना डेहरिया की पुत्री हिताझी डेहारिया के द्वारा नीम, अंबाला, कटहल के फलदार पौधा रोपण किया ।वृक्षारोपण कार्यक्रम विधालय के संचालक के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम विश्व अभियान की शुरुआत की गयी है। हर कोई अपने मां के लिए पेड़ लगाकर इस अभियान के प्रति अपनी सजगता दिखा रहा है, पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। कार्बन कान्वेंट स्कूल ओपीएम में वृक्षारोपण कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद श्रीमती रेखा महेंद्र सिंह वार्ड क्रमांक 11 के पास पूनम संतोष द्विवेदी वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद श्रीमती रेखा अयोध्या राव वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद रामसेन वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पिंकी सरोज यादव वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद रंजन हरि नाथ साहू समाजसेवी अशोक चौरसिया अभिषेक सिंह मामू गोपी केवट रवि सिंह रुंगटा अजय यादव कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल रणविजय एवं विधालय के समस्त स्टाफ की गरिमामय में उपस्थिति में अपने मां के नाम एक पेड़ रोपित किया।



**खबर संक्षेप**

### हरिभूमि लकी ड्रॉ के विजेता को मिला पुरस्कार



**कोतमा।** हर वर्ष की तरह इस बार भी पाठकों के लिए हरिभूमि ने इनामों की बौछार किया। हरिभूमि लकी ड्रॉ में वार्ड क्रमांक 5 कोतमा के रजनीश जैन पिता महेन्द्र जैन ने आठवां स्थान प्राप्त किया जिसमे उन्हे रूम हीटर का इनाम मिला जिसे हरिभूमि कोतमा के पत्रकार अखिलेश नामदेव ने 11 जुलाई को प्रदान किया। आठवां इनाम पाने वाले श्री जैन ने हरिभूमि का धन्यवाद किया और बताया कि जब उनके परिवार को पता चला कि उन्हें इनाम में रूम हीटर मिला है तो सबकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### जिले में 0.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 0.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षा मापी केन्द्र अनूपपुर में 2.6 तथा बेनीबारी में 4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वषामापी केन्द्र कोतमा, बिजुरी, जैतहरी,वेंकटनगर, पुष्पराजगढ़ तथा अमरकंटक में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### ममता बाल गृह में रखे पालना में मिली एक नवजात शिशु

**अनुपपुर।** 11 जुलाई को प्रातः लगभग 6:30 बजे सूर्या होटल अनूपपुर के सामने स्थित ममता बाल गृह में रखे पालना में एक नवजात शिशु पाई गयी। जिसकी सूचना ममता बाल गृह की अधीक्षक श्रीमती सुनीता सोनी द्वारा दी गई। जिसके पश्चात शिशु को जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में प्राथमिक देखरेख हेतु भर्ती कराया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचकर शिशु के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते ने बताया है कि शिशु के स्वास्थ्य परीक्षण में स्वास्थ्य सामान्य होने के उपरांत शिशु को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर शिशु ग्रह भेजने एवं सर्वोत्तम पुर्नवास की कार्यवाही की जावेगी। विदित हो कि वर्तमान में मिशन शक्ति की 100 दिवसीय कार्यक्रम संचालित है, जिसकी वर्तमान सप्ताह की थीम मातृत्व लाभ है।

### मोनिका बनी सीए



**अनूपपुर।** जब किसी को कुछ करने की ललक हो तो उसकी सफलता को कोई नही रोक सकता। वह हमेशा सफलता की सीढियो को चढ़ते हुए अपना मुकाम एक न एक दिन जरूर पा लेता है। जिला मुख्यालय जेल बिल्डिंग के पास निवासरत मोनिका झा पिता रविन्द्र कुमार झा जो लोक निर्माण विभाग अनूपपुर में ठेकेदारी का कार्य करते हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की परीक्षा पास करके जिले व अपने परिवार का नाम रोशन की है। मोनिका की इस सफलता पर परिवार व रिश्तेदारों के यहाँ खुशी का माहौल व्याप्त है। मोनिका की इस सफलता श्रेय पापा माँ गृहणी है, बड़ी बहन जो होम्योपैथी से पुणे से डॉक्टर की पढाई करके मुंबई में डॉक्टर की सेवा दे रही को जाता हैं। मोनिका ने बताया कि माता पिता से पढ़ने व आगे बढ़ने की प्रेरणा, बहन से हमेशा हौसला और भाई से कुछ करने की ललक मिलने से मुझे आज सफलता मिली हैं। मोनिका बचपन से ही काफी मेधावी छात्रा थी। कॉर्मल कान्वेंट विद्यालय से 2014-15 में दसवीं मे 93%, 2017 में बारहवीं में 94% व किरोड़ीमल कालेज दिल्ली से 2021 में बीकॉम की परीक्षा 86% से पास की है। इस सफलता पर मोनिका के रिश्तेदार, परिवार, सहपाठियों सहित जिले से लोगो ने शुभकामनाएं देते हुए उसके बेहतर भविष्य की कामना की है।

---

## जिले मे हाथियों को रोकने व जिले से बाहर खदेड़ने की रखेंगे मांग

# हाथियों के तांडव से परेशान ग्रामीण आज कलेक्टर से लगायेंगे गुहार

**महीनों से दर्जनों गांवों के लोग रात भर करते जगराता**



फालोअप

15 जून से जिले मे सक्रिय 2 सदस्यीय हाथियों ने ग्रामीणों का सुख-चैन छीन लिया है। हाथी फसलों को तो तबाह कर ही रहे हैं साथ ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच कर घरों में भी तोडफोड़ कर रहे हैं। हाथियों से अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को लगातार रात में जागना पड़ रहा है। आमतौर पर हाथी सूर्यास्त होने के बाद अपनी भूख-प्यास मिटाने के साथ ही आबादी क्षेत्र में घुसकर तोड़-फोड़ मचाते हैं। पिछले साल भी कई घरों को हाथियों के द्वारा क्षति पहुंचाई गई जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा और इस साल भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य रंजीत सरार्टी के नेतृत्व में आज दोपहर संयुक्त जिला कार्यालय में सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टर आशीष वशिष्ठ को मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपेगे।

**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ से आए हाथी लगातार दहशत मचा रहे हैं। भोजन, पानी की तलाश में ये जंगली हाथी ग्रामीणों की फसलों, घरों और उनके जीवन के लिये खतरा बन गये हैं। आए दिन इनकी घुसपैठ से फसलें नष्ट हो रही हैं, घरों को नुकसान हो रहा है और लोगों की जानें जा रही हैं। इन्हे रोकने और इन्हे छत्तीसगढ़ या अन्यत्र खदेडने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य रंजीत सरार्टी के नेतृत्व में शुक्रवार की दोपहर संयुक्त जिला कार्यालय में सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टर आशीष वशिष्ठ को मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपेगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य रंजीत सरार्टी ने इस बावत प्रशासन को सूचित करते हुए कहा है कि जिला अन्तर्गत गोबरी, गौरेला, कांसा, लखनपुर, केकरपानी, ठेंगरहा, दुधमनिया सहित अन्य गाँव में जंगली हाथियों के हमले से लोग परेशान हैं और भयभीत हैं। एक व्यक्ति की जान चली गयी थी और ग्रामीणों-वन विभाग में विवाद की स्थिति बन गयी थी। आज दोपहर लगभग 12 बजे रंजीत सरार्टी के नेतृत्व में ग्रामीण जन कलेक्टर आशीष वशिष्ठ को मुख्यमंत्री के नाम पर पत्र सौंपकर हाथियों पर कारगर नियंत्रण की मांग करेंगे।

#### औपचारिकता तक सीमित कार्यवाही

ज्ञात हो कि 15 जून से जिले मे दो हाथियों के दस्तक से क्षेत्र मे दहशत का माहौल है। हाथियों के आतंक से जहां ग्रामीणों मे खौफ का माहौल व्याप्त है वही हाथी घरों मे रखे अनाज समेत खेतों, बाड़ी मे लगे फसलों को चौपट कर रहे हैं, लेकिन जिले का वन अमला सिर्फ कोरम पूर्ति तक ही सीमित है। जिससे जहां एक ओर प्रभावित ग्रामीणों मे वन विभाग के प्रति रोष व्याप्त है वही जिला प्रशासन की औपचारिकतापूर्ण कार्यवाही से ग्रामीणों को संकटापन्न स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, परंतु वन विभाग समेत जिला प्रशासन हाथियों को रोकने मे नाकाम साबित हो रहा है। हाथी प्रभावित क्षेत्रो मे अनूपपुर वन मंडलाधिकारी हाथियों के विचरण की स्थिति का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से चर्चा कर वनविभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को ग्रामीणों की सुरक्षा करते हुए हाथियों पर निरंतर नजर बनाए जाने के निर्देश के साथ किसी भी अधिकारी कर्मचारी द्वारा बरती जाने वाली लापरवाही पर कठोर कार्यवाही करने की बात कही है, परंतु यह निर्देश हवा हवाई है क्योंकि हाथियों के मूवमेंट की पुष्ट जानकारी के बाद भी ग्रामीणों के मकानों, फसलों को बचाने के सार्थक प्रयास नही होने तथा इसकी जानकारी होने के बाद भी विभाग द्वारा कार्यवाही न करना कोरम पूर्ति ही है।

#### प्रशासन नहीं कर पा रही कोई उपाय



हरिभूमि
जंगली हाथी और मानव
रोकने वन विभाग नाक

#### विधायक भी कर चुके पहल

विगत 23 जून को ग्राम ठेगरहा मे पुष्पराजगढ विधायक फुन्देलाल सिह मार्को, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम अनूपपुर दीपशिखा भगत, तहसीलदार, वनविभाग के आला अधिकारी, पुलिस विभाग के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि संतोष कुमार पांडे हाथी प्रभावित क्षेत्र पहुंचे जहां ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिह मार्को ने कलेक्टर से मांग की कि छत्तीसगढ़ से आए दोनों हाथियों को जहां से आए है उन्हें वहां वापस भेजा जाए। साथ ही उन्होंने वन विभाग को कहा कि किसी प्रकार की जनहानि ना हो, तत्काल इन्हें एक-दो दिन में यहां से वापस किया जाए उन्होने कहा कि 2 दिन में यह काम हो जाना चाहिए ताकि किसी प्रकार की जनहानि ना हो। उन्होंने कहा कि हाथियों के छत्तीसगढ़ से आने का मार्ग प्रतिबंधित किया जाए और बार-बार आने वाले हाथियों को पूर्व की तरह कान्हा या बांधवगढ़ भेजा जाए, परंतु 18 दिन बाद भी जिला प्रशासन व वन विभाग की कार्यवाही इस ओर नगण्य है।

---

# हैवान पति ने दोस्त को घर बुलाकर पत्नी से कराया दुष्कर्म

**धमकी देकर पत्नी को थाने जाने से भी की रोकने की कोशिश**

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की हैरत भरी घटना सामने आई है, जिसमें हैवान पति ने स्वयं ही अपने दोस्त को घर बुलाकर अपनी पत्नी के साथ जबरन दुष्कर्म कराया। पत्नी के द्वारा मामले की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लगातार थाने में जाने से रोका जाता रहा। पति के घर से बाहर होने पर मौका पाकर पीड़िता थाने गई और पूरी दास्तां रोते हुए पुलिस को बताई। महिला की शिकायत पर आरोपी पति एवं दुराचारी दोस्त के खिलाफ जबरन दुष्कर्म सहित जान से मारने की धमकी को लेकर धारा 450, 376, 376डी, 506 आईपीसी एवं एसटी एससी एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया है।

#### यह है मामला

मामला बीते 29 जून का है कोतमा थाना अंतर्गत एक गांव में रहने वाली 37 वर्षीय महिला ने बताया कि उसके पति ने अपने दोस्त को घर पर खाने के लिए बुलाया था। इसके बाद पत्नी के कमरे का दरवाजा खुलवाकर दोस्त को अंदर कमरे में भेज दिया और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। पति के दोस्त ने महिला के साथ जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# जहर खुरानी एवं अज्ञात कारणों से दो महिलाओं की मौत, पुलिस कर रही जांच



**अनूपपुर।** गुरुवार के दिन जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार की पूर्व ही दो अलग-अलग घटनाओं में जहरीला पदार्थ सेवन करने एवं अज्ञात कारणो से दो महिलाओं की मौत हो गई जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत खांड़ा गांव निवासी 24 वर्षीय साधना महरा पति भीमसेन महरा जो गुरुवार की सुबह घर में अपने ससुर एवं परिजनो को चाय एवं नाश्ता कराने बाद प्रत्येक दिन की तरह मजदूरी का काम करने अनूपपुर नगर की वार्ड क्रमांक एक सामतपुर में मजदूरी करने आई थी तभी अचानक उल्टी होने पर अन्य मजदूर साथियों द्वारा जिला अस्पताल अनूपपुर लाया गया। इसी दौरान साधना की मौत हो गई, वही जिले के भालूमाडा थाना अंतर्गत जल्दा-ठूठी गांव निवासी कमलेश पाव की 32 वर्षीय पत्नी रशीदा पाव की अज्ञात कारणो से जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पहुंचने पर मौत हो गई दोनों घटनाओं की सूचना ड्यूटी डॉक्टर द्वारा अस्पताल पुलिस को दिए जाने पर साधना महरा की मौत पर नायब तहसीलदार श्री पटेल की उपस्थिति में परिजनों से चर्चा कर पंचनामा की कार्यवाही की गई वहीं रशीदा पाव के मायके पक्ष के आने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है रसीदा की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

---

# 11 अगस्त तक मनाया जाएगा परिवार कल्याण पखवाड़ा

**अनूपपुर।** जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार परिवार नियोजन की सेवाओं के प्रति जागरूकता एवं स्वीकार्यता बढ़ाने हेतु विश्व जनसंख्या स्थिरता माह 11 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक प्रत्येक वर्ष के भांति मिशन परिवार कल्याण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला परिवार कल्याण कार्यक्रम अधिकारी ने बताया है कि पखवाड़े के तहत सी.एच.ओ., स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला/पुरुष), आशा सहयोगिनी एवं आशा कार्यकतार्ओं द्वारा घर-घर जाकर जन समुदाय में जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कर लक्षित दंपतियों को मिशन परिवार कल्याण पखवाड़ा के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए सही उम्र में शादी करने व उचित अंतराल के बाद बच्चों को जन्म देने, स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में जानकारियां दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया एवं जिला परिवार कल्याण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर.पी. सोनी ने बताया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतहरी एवं अनूपपुर में प्रत्येक सोमवार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुष्पराजगढ़ में प्रत्येक बुधवार व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में प्रत्येक शनिवार को पुरुष/महिला ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि ऐसे लोग, जो परिवार नियोजन के अंतर्गत आते हैं। वे स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर स्थाई व अस्थाई साधनों के विषय में जानकारियां प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते हैं।

# पटनाकला हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पी.सी. गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती मोनिका आध्या के मार्गदर्शन में पंच-ज अभियान अंतर्गत 11 जुलाई को ग्राम पटना कला के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह ने उपस्थित होकर उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण के सहयोग से फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण कर पंच-ज अंतर्गत जल, जंगल, जमीन, जन और जानवर को संरक्षित रखने का संकल्प लिया इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य विपिन किशोर एक्का, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल रामकृष्ण सोनी एवं विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डायवर्सन बकायादारों के विरुद्ध प्रशासन हुआ सख्त

**2 डायवर्सन बकायादार ने कुर्की वारंट के बाद जमा कराई राशि**

**अनूपपुर।** जिला प्रशासन द्वारा राजस्व वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत डायवर्सन बकायादारों के विरुद्ध भी प्रशासन द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। संयुक्त कलेक्टर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि डायवर्सन बकायादार अजय संजय पिता दर्शनलाल जायसवाल जिसका बकाया राशि 318675 रूपए एवं स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव पिता कामता प्रसाद श्रीवास्तव बकाया राशि 79350 रुपए था। जो शासन द्वारा जारी आदेश के नियत तिथि में चालान राशि जमा नहीं किए थे। जिनके विरुद्ध डायवर्सन बकायादारो को कुर्की वारंट तहसीलदार अनूपपुर के द्वारा जारी किया गया था। गुरूवार को अनुविभागीय दंडाधिकारी श्रीमती दीपशिखा भगत के नेतृत्व में मौके पर राजस्व अमला कुर्की की कार्यवाही हेतु पहुँचे। कुर्की की कार्यवाही प्रारंभ होते ही दोनों बकायादारो के द्वारा 30 मिनट का समय माँगा। जिसके पश्चात दोनों बकायादारों ने बकाया राशि की चालान प्रस्तुत की। कार्यवाही टीम में नायब तहसीलदार मंगलदास चक्रवर्ती, हल्का पटवारी रूपनारायण प्रजापति सहित राजस्व अमला मौजूद रहे। सयुंक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने डायवर्सन बकायदारो से डायवर्सन की राशि जमा कराने की अपील की है, उन्होंने बताया डायवर्सन बकायदारों के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही से बचने के लिए बकायादार जल्द से जल्द बकाया डायवर्सन राशि जमा करे।

---

## कलेक्टर ने नल-जल योजना के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# नल-जल योजना के सभी कार्यों को शीघ्रता से कराएं पूर्ण-कलेक्टर

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने नल जल योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन के सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी के साथ लोगों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को करने वाले ठेकेदारों को कार्य पूर्ण होने के पश्चात तथा जिला जल मिशन समिति के सदस्यों के द्वारा कार्यों के सत्यापन के बाद ही राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को आधा-अधूरे कार्यों का भुगतान न किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बोर खनन कार्य ग्रामीणों से जल स्त्रोत के संबंध में चर्चा एवं परीक्षण कराकर करें, जिससे जल स्त्रोत की जानकारी मिल सके, क्योंकि स्थानीय निवासियों को पानी के स्त्रोत की बेहतर जानकारी होती है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ गुरूवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एच.एस. धुर्वे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



#### यथास्थिति की जानकारी अपडेट करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने एक वर्ष से अधिक अवधि में अनुबंधित नल-जल योजना की अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नल-जल योजना के अंतर्गत पोर्टल में योजना की स्थिति का परीक्षण कर जानकारी अपडेट करें, जिससे नल-जल योजना के पोर्टल पर नल जल योजना की वास्तविक वस्तुस्थिति की जानकारी स्पष्ट रूप से प्राप्त हो सके। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री से नल-जल योजना में आने वाले समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यपालन यंत्री ने कलेक्टर को राजस्व, विद्युत विभाग एवं वन विभाग से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए नल-जल योजना का कार्य पूर्ण करें तथा संबंधित विभागों से जो भी समस्याएं आ रही है, उन समस्याओं के संबंध में समय सीमा की बैठक में अवगत कराएं, जिसे तत्काल निराकरण किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने नल-जल योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के वार्षिक लक्ष्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्ष 2024-25 में योजना के अंतर्गत 25292 का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अभी तक 5059 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर नल-जल योजना के कार्य पूर्ण कराए जांए, जिससे लोगों को जल्द से जल्द योजना का लाभ मिल सके।